ब्रीफ खबरें

### कलह से तंग नेल्सन ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के कुरडेग थाना क्षेत्र मे अपने पारिवारिक तनाव से तंग आकर एक व्यक्ति ने जहरीले कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया .जैसे ही के पड़ोस के लोगों को जानकारी मिली उसकी इलाज के लिए उन्हे सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया. जहां उनकी मौत हो गई इलाज के क्रम में हो गई . डॉक्टर ने बताया कि उन्हें देर से अस्पताल पहुंचाया गया. जिससे उनके पूरे शरीर में जहर फैल गया था जिससे उनकी मौत हो गई मृतक का नाम नेल्सन एक्का है जो कुरडेग प्रखंड के निवासी है.

### आयुक्त के सचिव ने पदभार ग्रहण किया

**मेदिनीनगर।** आयुक्त के सचिव पद पर बिजय वर्मा (झा.प्र.से.) ने आज पदभार ग्रहण किया है. उन्होंने आयुक्त के तत्कालीन सचिव अरविन्द कुमार से पदभार ग्रहण किया. बिजय वर्मा इससे पूर्व उप सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित थे. बता दें कि आयुक्त के तत्कालीन सचिव अरविन्द कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर समाहर्ता, चतरा के पद पर पदस्थापित किया गया है.

### लूट की छूट देने वाला है बजट : सतीश कुमार

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा पेश बजट को तिकड़म पर आधारित है. आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने ये बात कही. उन्होंने कहा कि यह बजट सुनियोजित ढंग से सभी वर्गों को छलनेवाला है. पूरे बजट में झारखंड राज्य के निर्माण में आन्दोलनकारियो की भूमिका को नकारा गया है. अल्पसंख्यक समुदाय को नजरअंदाज किया गया है. इस बजट में नौजवानों को छलने के अलावा कुछ भी नहीं है, उन्हें दिए जानेवाले बेरोजगारी भत्ता तक का ज़िक्र नही किया गया है.

### हर क्षेत्र में विज्ञान की उपयोगिता बढ़ी : उदय

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यकम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. सर्व प्रथम मां सरस्वती व महान वैज्ञानिक सीबी रमन की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया. मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि प्रख्यात विज्ञानी सीबी रमन की स्मृति में 1987 से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है. मौके पर अरुण कुमार, कुंदन कुमार, राजू राम, प्रेम कुमार,यशवंत , विकास,दीपक, आलोक कुमार , राजेश राम, बबन राम, महेंद्र कुमार, अनुप कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए.

### महायज्ञ कार्य सबसे पुनीत काम: बिट्टू सिंह

**मेदनीनगर।** तरहसी के पकरी गांव में श्री श्री शिवपरिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकली. कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह शामिल हुए. इससे पूर्व महायज्ञ कमेटी ने श्री सिंह को फुल माला पहनाकर और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया. मौके पर श्री सिंह ने कहा कि महायज्ञ कार्य सबसे पुनीत काम है.उन्होंने इस तरह के कार्य आयोजन के लिए महायज्ञ समिति का साधुवाद करते हुए कहा कि मुझसे जो भी बन पड़ेगा हरसंभव सहायता करूंगा.

टाउनशिप सीडी मैदान स्थित विवाह मंडप में सामूहिक विवाह समारोह में उमड़ी भीड़

# विधायक भानु ने किया 51 बेटियों का हाथ पीला, किया कन्यादान

संवाददाता। भवनाथपुर



टाउनशिप सीडी मैदान स्थित विवाह मंडप में विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भवनाथपुर विस् क्षेत्र के गरीब असहाय 51 कन्याओं की शादी करायी गई. विधायक आवास पर गाजे बाजे के साथ द्वार पूजा के रस्म के बाद सीडी मैदान में बनाये गए विवाह मंडप में विद्वान पंडितो द्वारा वैद्दिक मंत्रोच्चार के साथ 51 जोड़ी नव दम्पतियों की शादी संपन्न करायी गयी. विधायक भानु ने पत्नी चानी शाही के साथ कन्यादान किया. इस दौरान भानु ने नव दम्पतियों के विदाई में उपहार स्वरुप पलंग, पंखा के साथ अन्य फर्नीचर तथा जेवर सहित दैनिक उपयोग के सामान प्रदान किया. शादी मंडप स्थल पर पटना के लोकगीत गायिका सह दूरदर्शन कलाकार मन्दाकिनी मिश्रा की टीम ने शादी गीत व लोक गीत की प्रस्तुति दी. जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर सिंह, प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी सतेंद्र नरायण सिंह, रेंजर प्रमोद कुमार, समाजसेवी शिव पूजन यादव, संजय भगत, सेल पदाधिकारी राजेश कुमार, भगवान पनिग्रही, डोमन यादव, भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, ने शादी स्थल पर पहुंच वर वधु को आशिर्वाद दिया.

#### एक दूजे के हुए 51 जोड़ी नवदंपती

जिन जोड़ों की शादी कराई गई उनमे रीना संग विकास, राधिका संग जितेंद्र, रंजू संग शैलेश, आशा संग सीता राम, रिंकी संग रोहित, प्रभा संग उमेश, रानी संग उदय, शैला संग रवि, सुचिता संग बीरबल, सिमा संग दीपक, खुशबू संग छोटे लाल, शीतला संग दशरथ, मीरा संग शिवा, जसो संग अजय, सिमा संग अरविंद, रीना संग नागेश्वर, प्रियंका संग अमित, ललिता संग कृष्णा, तीजा संग लालता, सुषमा संग अरविंद, विन्दा संग संजय, नीरू संग नीतीश, निर्मला संग शत्रुधन, निरसा संग संदीप, निशु संग शिबू, दिला संग राकेश, डिम्पल संग चंदन, सुमन संग श्रवण, ज्योति संग मिथलेश, रिंकू संग बीरेंद्र, अंजली संग राजेश, कांति संग सुनील, सिमा संग सुनील, खुशबू संग लवकुश, मनीता संग मनोज, रिंकी संग चंदु, आरती संग नागेंद्र, छठनी संग पंकज, रानी संग अरविंद, कुसुम संग सत्यनारायण, खुशबू संग सचिन, काजल संग रमन करकेट्टा, सरिता संग अखलेश, अंशू संग प्रभात, पुष्पा संग जीतेंद्र, रीना संग मुंशी, प्रियंका संग शत्रुधन, माया संग अखलेश, अनिता संग बिपिन, जीरा संग आनंद, रीमा संग छोटू का नाम शामिल है.

गढ़वा में एक हजार सीट क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी का होगा निर्माण


# हर रोज विकास की नई गाथा लिख रहा है गढ़वा : मिथिलेश

संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा में चार करोड़ रुपए की लागत से एक हजार सीट क्षमता वाली नई हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण होगा. झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है. इसमें कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगा. लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं. इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी.

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि नया हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे किया जाएगा. झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा. मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट का ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 सीट क्षमता, फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल एवं बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी. ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी. सभी फ्लोर में ब्वॉयज एवं गर्ल्स टॉयलेट होंगे. यह लाइब्रेरी पूरी तरह से अत्याधुनिक, सर्व सुविधायुक्त होगा. मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के लाइब्रेरी की गढ़वा में अति आवश्यकता थी. वर्षों से लोग इसकी मांग कर रहे थे. इसके निर्माण से विद्यार्थियों सहित अध्ययन का शौक रखने वाले अन्य लोगों को भी काफी सुविधा होगी. इस प्रकार का लाइब्रेरी राज्य के किसी भी दूसरे जिले में नहीं है. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के अब गढ़वा की सूरत पूरी तरह से बदल गई है. गढ़वा हर रोज विकास की नई गाथा लिख रहा है. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद गढ़वा लगातार उपेक्षा का दंश झेल रहा था. गढ़वा के माथे पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को उन्होंने मिटाने का संकल्प लिया था. वह अब पूरा हो रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच एवं कार्य कुशलता से गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी बेहतर काम हुआ है. अब उनके अधूरे संकल्प को वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है. मंत्री ने कहा कि राजनीति स्वहित के लिए नहीं जनहित के लिए होना चाहिए. यदि समाज के सभी वर्गों के लोग इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें तो उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है. उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने मुझे जिस उम्मीद से सेवा की जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वाह कर रहा हूं. यही कारण है कि आज गढ़वा विकास के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन चुका है. उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता का इसी तरह से प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा तो आने वाले समय में गढ़वा और भी बेहतर बनेगा.

#### ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप व इंटरनेट की भी होगी बेहतर सुविधा



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर.



प्रस्तावित लाइब्रेरी भवन.

#### सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में बनी जन सरोकार की सरकार सभी क्षेत्रों में काफी बेहतर कार्य कर रही है. शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क के साथ-साथ सिंचाई आदि सभी क्षेत्रों में सरकार ने काफी बेहतर कार्य किया है. गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में अब तक काफी संख्या में चेक डैम का निर्माण किया जा चुका है. साथ ही आवश्यकतानुसार शेष बचे अन्य क्षेत्रों में भी चेक डैम का निर्माण किया जाएगा. ताकि किसानों को सिंचाई की समस्या नहीं झेलनी पड़े.

### कलयुगी पुत्र ने की पिता की हत्या, पुलिस ने भेजा जेल

**गारू(लातेहार)।** थाना क्षेत्र में एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की हत्या कर दी. घटना थाना क्षेत्र के सुरकुमी ग्राम की है. जानकारी के अनुसार दिहल सिंह उर्फ विशंभर सिंह का अपने पुत्र प्रदीप सिंह के बीच सोमवार की रात्रि विवाद हुआ था. गुस्से में आ कर प्रदीप सिंह ने कुल्हाड़ी से अपने पिता पर वार कर दिया. घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी. ग्रामीणों ने मंगलवार को इसकी जानकारी गारू थाना को दी. थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया की इस संबंध में थाना कांड संख्या 10/24 अंकित किया गया है. पुलिस ने त्वरित कार्वाई करते हुए घटना के नामजद अभियुक्त प्रदीप सिंह क़ो गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. उन्होंने बताया की पिता और पुत्र में हमेशा झगड़ा होता था.

### सहकारी समितियों को दिया गया लातेहार में प्रशिक्षण

**लातेहार।** संयुक्त सहकारिता भवन में सहकारी समितियों प्रबंध समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया. अध्यक्षता जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो ने की. श्रीमती टोपनो ने बताया कि गांवों में संचालित सहयोग समितियों को प्रोत्साहित करना है. उन्होने सहकारी समिति के सदस्यों के निर्वाचन और अंकेक्षण की प्रक्रिया को बताया. कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर पशुपालन, मत्स्यपालन, कृषि व सहकारिता विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के सभी प्रखंडो में मत्स्यजीवी सहयोग समिति, दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति, महिला सहयोग समिति, लाह उत्पादक सहयोग समिति का गठन करना है. समितियों को विभाग द्वारा निबंधन कराए जाने के बाद आर्थिक मदद और रोजगार को बढ़ावा दिया जाना है.

न्यूज अपडेट

### मवेशी लदा वाहन जब्त, 42 पशु बरामद

**गुमला ।** भरनो थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने मंगलवार की शाम प्रभार ग्रहण किया और उसी रात पशु तस्करी की नींद हराम कर दी. थाना प्रभारी ने पुराना थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया और गौवंशीय पशुओं से लदा एक पिकअप वाहन और एक माल वाहक ट्रक को जब्त कर लिया. पिकअप वाहन में 11 मवेशी और माल वाहक ट्रक में 31 मवेशी कुल 42 मवेशी को ठूंस कर अवैध तरीके से तस्करी के लिए ले जा रहे थे. जिसमें से एक मवेशी की मौत भी हो गई है. दोनो वाहनों के चालक और उनके तीन सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अमरेश नारायण सिन्हा ने सभी पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की. मृत मवेशी को पोस्टमार्टम करने के बाद दफनाया दिया गया. थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मवेशी लदा ट्रक अवैध तस्करी के लिए छतीसगढ़ से भरनो के रास्ते बूचड़ खाना जा रहा था. जब्त मवेशियों को स्थानीय पशुपालक किसानों के बीच जिम्मेनामा पर वितरण किया गया. दोनों चालक और उनके तीनों सहयोगियों को गुमला जेल भेजा जाएगा.

### महासदाशिव मंदिर का छठवां वार्षिकोत्सव 11 व 12 मार्च को



**गुमला ।** रायडीह के मरदा स्थित महासदाशिव मंदिर में छठा वार्षिक महोत्सव 11 और 12 मार्च को होगा. वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान के लिए 30 सदस्यीय साधु - संतों को आमंत्रित किया गया है. वार्षिकोत्सव की भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन कर तैयारियां तेज कर दी गई है. ज्ञात हो कि महा सदाशिव मंदिर का निर्माण छह वर्ष पहले गांव के स्व. श्रीधर सिंह के स्मृति में बनाया गया है. श्रीधर सिंह धार्मिक विचारधारा के व्यक्ति थे और उनकी मरदा में मंदिर निर्माण उनकी इच्छा थी. ओडिशा से आए दस सदस्यीय कारीगरों की टीम ने पांच वर्षों तक निरंतर काम कर मंदिर में उत्कल वास्तुकला की कलाकृति को उकेरने का काम किया. महासदाशिव मंदिर दो एकड़ भूखंड पर सौ फीट की ऊंचा है. मंदिर प्रांगण में उद्यान है, जहां पर्यटकों आराम कर सुकून महसूस करते हैं. मंदिर में भगवान शिव का विराट रूप हैं, जिसमें 26 शीश एवं 52 भुजाएं हैं. अनूठा और अदभुत है.

### आरकेपीएस के 8वीं, नौवीं व 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित


**गढ़वा।** रेहला रोड स्थित आकेवीएस बीएड कॉलेज के सभागार में आरके पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं, नौवीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया. इस दौरान अभिभावकों के बीच रिजल्ट का वितरण किया गया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को निदेशक ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. इससे पूर्व कक्षा सातवीं की छात्रा प्रियांशी प्रिया व ग्रुप के द्वारा सुंदर स्वागत गान प्रस्तुत किया गया.मौके पर निदेशक श्री पाण्डेय ने कहा कि स्कूल अपने स्थापना काल 1994 से निरंतर आगे बढ़ रहा है. उन्होने उपस्थित सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को स्मार्ट फोन और बाईक से दूर रखें और स्वाध्याय पर ज्यादा जोर दें. बच्चों के दिनचर्या और संगति पर नजर रखें. अभिभावकों और स्कूल के बेहतर समन्वय से ही बच्चों के भविष्य को गढ़ा और संवारा जा सकता है. उन्होने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामना दी.

### पंचमुखी हनुमान मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव 17 से 19 तक




**लातेहार।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड में राजहार मोड़ के पास अविस्थत शिव-पार्वती और पंचमुखी हनुमान मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी 17 मार्च से प्रारंभ होगा. आयोजन को ले कर समिति की बैठक अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में आयोजन की सफलता के लिए समिति का गठन किया गया. समिति का अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक उर्फ चामू साव को बनाया गया. जबकि ओमप्रकाश गुप्ता को उपाध्यक्ष व रामदेव प्रसाद आरपीडी को कोषाध्यक्ष बनाया गया. अध्यक्ष श्री प्रसाद ने बताया कि मंदिर का वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 17 मार्च को कलश यात्रा से किया जायेगा. कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर थाना चौक के बाद मुख्य पथ होते हुए काली मंदिर के बाद मानस पथ होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी पहुंचेगी. उन्होने बताया कि 18 मार्च को मंदिर परिसर मे वेदी पूजन तथा अंतिम दिन 19 मार्च को हवन पूर्णाहूति के बाद भंडारा का आयोजन किया गया है.

### लोस चुनाव को ले कर प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया



**लातेहार।** आगामी लोकसभा चुनाव को ले कर प्रखंड के सहायक अध्यापक, बीआरसी कर्मी एवं अन्य विभागीय कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण बुधवार को सदर प्रखंड के सभागार में दिया गया. मास्टर प्रशिक्षक बीरेंद्र कुमार, हीरा प्रसाद यादव, विकास कुमार शर्मा व दिलीप कुमार ने प्रशिक्षण दिया. नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार ने मौके पर कहा कि सभी चुनाव कर्मियों को चुनाव के पहले पूरी तरह से दक्ष हो जाना है ताकि चुनाव को आसानी से करा सके. प्रशिक्षण में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राज श्रीपूरी, नाहिद जमाल, कन्हाई अग्रवाल, अतुल कुमार, अनूप कुमार, प्रवीण सिंह, अजय सिंह, ओम प्रकाश क्षत्रिय, उदय प्रसाद, मीना देवी, रेशमी कुमारी, चंदा कुमारी, सुनीता कुमारी, चंदन कुमार चंद्र, विवेक कुमार सिन्हा, बलराम, नित्यानंद पांडेय, मो अख्तर, ब्रजेश मिश्र, सुबोध सिंह, पंकज कुमार, रामलाल राम व गजेंद्र राम समेत अन्य 199 कर्मियों ने प्रथम चरण का प्रशिक्षण लिया.

### रा.म.विद्यालय में डॉ राजेंद्र प्रसाद को दी गयी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद (पलामू) ।** भारत के पहले राष्ट्रपति और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आज 28 फरवरी पुण्यतिथि है. डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें पूरा देश याद कर रहा है. हुसैनाबाद (पलामू) के राजकीय मध्य विद्यालय में भी उनकी पुण्यतिथि मनायी गयी. सभी ने देश के प्रथम राष्ट्रपति को श्रद्धा सुमन अर्पित की. स्कूल के प्रार्थना सत्र के बाद शिक्षकों ने बच्चों को डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी के बारे में बताया गया. साथ ही बच्चों को उनके बताये गये मार्ग चिन्हों पर चलने की सीख दी गयी. बच्चों को विज्ञान दिवस के बारे में भी बताया गया. शिक्षक ने बताया कि कैसे हम सब फर्श से अर्श पर पहुंचे हैं और जो काल्पनिक लगता था, उसे मूर्त रूप दिया. यह विज्ञान की ही उपलब्धि है. मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्र. के अलावा शिक्षकों में राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, बाल संसद के प्रधानमंत्री सुमंत कुमार और सभी वर्ग प्रतिनिधी उपस्थित रहे.

### पलामू में बदले गए सभी प्रखंड के मनरेगा बीपीओ

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मनरेगा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन व अनुश्रवण को लेकर विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी(बीपीओ) का स्थानांतरण कर दिया है. आदेश में बीपीओ को प्रशासनिक दृष्टिकोण व कार्यहित में अपना प्रभार संबंधित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी को देते हुए दो दिनों के अंदर स्थानान्तरित प्रखण्ड में योगदान देने को कहा गया है. साथ ही माह मार्च 2024 से मानदेय भुगतान नवपदस्थापित प्रखण्ड से किए जाने की बात कही गई है. स्थानांतरित बीपीओ में अरविन्द कुमार सिंह को विश्रामपुर से चैनपुर, अभय कुमार दुबे को चैनपुर से हरिहरगंज, निती सिन्हा को चैनपुर से पण्डवा, चन्द्रशेखर दुबे को छत्तरपुर से हुसैनाबाद, अमन कुमार को हैदरनगर से सदर मेदिनीनगर, धर्मेन्द्र कुमार को हरिहरगंज से रामगढ़, विष्णु प्रताप मिश्रा को हुसैनाबाद से पांकी, मोती लाल शर्मा को मनातू से छत्तरपुर, आरजू तम्मना को मेदिनीनगर से सतबरवा, चन्द्रशेखर कुमार को मोहम्मदगंज से नीलाम्बर-पीताम्बरपुर, दीपक कुमार को नौडीहा बाजार से मोहम्मदगंज, दीपक कुमार को नौडीहा बाजार के अलावा हैदरनगर (अतिरिक्त प्रभार), रंधीर कुमार प्रकाश को पाण्डू से मनातू, स्वीटी सिन्हा को पण्डवा से पाटन, आशीष कुमार को पांकी से पीपरा, निर्मलकान्त ठाकुर को पाटन से नावा बाजार, प्रभात कुमार को पीपरा से विश्रामपुर, मो० सबाहुदिन को रामगढ़ से उंटारी रोड, अमरेन्द्र कुमार को सतबरवा से नौडीहा बाजार, रितेश कुमार दुबे को तरहसी से पाण्डू व मो. अबेदिन अंसारी को उंटारी रोड से तरहसी प्रखंड में स्थानांतरित किए गए हैं.

### जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया गया विज्ञान दिवस

संवाददाता। लातेहार



पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, लातेहार में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने महान वैज्ञानित डा चंद्रशेखर वेंकट रमण की प्रतिमा का माल्यार्पण कर किया. मौके पर संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री सिंह ने कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेजा सर सीवी रमन ने रमन इफेक्ट की खोज 28 फरवरी को 1928 को की थी. इसलिए हर साल इस महान वैज्ञानिक के अविष्कार की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है. इस दिन वैज्ञानिकों को उनके खोज कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाता है. इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, खास तौर पर छात्रों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा लोगों को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है. उन्होने विज्ञान, मनुष्य व प्रकृति के सामजंस्य से छात्र व छात्राओं को अवगत कराया. कहा कि तीनों में एक दूसरे के पूरक हैं. कक्षा 11 वीं विज्ञान के छात्र अंकित कुमार एवं छात्रा ज्योति कुमारी ने सर सीवी रमण की जीवनी एवं रमण प्रभाव पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर मा स्टर शौर्य प्रकाश एवं प्रिंस भारती ने चंद्रयान मॉडल प्रस्तुत किया. भौतिक विज्ञान के शिक्षक प्रकाश मंडल ने रमन प्रभाव की जानकारी दी.

### 20 सूत्री समिति के सदस्यो ने बैठक का किया बहिष्कार

**गारू(लातेहार)।** बुधवार को प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक आहुत की गयी थी. लेकिन समिति के सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग मौजूद नहीं थे. इसके विरोध में सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया. सदस्यों ने प्रशासन की इस उपेक्षा पर आक्रोश व्यक्त किया. कहा कि बुधवार को समिति की बैठक पहले से तय थी. समिति के अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा ने कहा कि गारू प्रखंड में 20 सूत्री समिति को औचित्य विहीन बना दिया गया है. प्रशासन के अधिकारी समिति के किसी भी सदस्य को तरजीह नहीं देते हैं. प्रखंड 20 सूत्री की बैठक में लिए गये निर्णयों का अनुपालन नहीं करते हैं. सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का कभी भी लिखित समाधान या उससे संबंधित कोई जानकारी प्रशासनिक स्तर पर सदस्यों को उपलब्ध नहीं करायी जाती है. बैठकों में सभी विभागों के पदाधिकारी या उनके कोई प्रतिनिधि भी भाग नहीं लेते हैं.

### झामुमो की संकल्प सभा में पलामू से भी हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल



संवाददाता। मेदिनीनगर

रांची में आयोजित झामुमो की संकल्प सभा में पलामू से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए. झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने अपने नेता और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी को न्याय नहीं मिलने तक शांत नहीं बैठने का संकल्प लिया. इस सभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल थे. सभा में भाजपा की केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा किए गए षड्यंत्र को घर घर जा कर बताने और भाजपा की मंशा को परास्त करने का संकल्प लिया गया. जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि पलामू से भी झामुमो के नेताओं और हजारों कार्यकर्ताओं ने संकल्प सभा में भाग लिया है. न सिर्फ झामुमो के कार्यकर्ता बल्कि आज सभी झारखंडियों के दिलों में दुख दर्द और आक्रोश है. जनता भी जान चुकी है भाजपा ने षड्यंत्र के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है.

समस्या

स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को नहीं मिल पा रहा है मान व सम्मान

# स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन एक अदद आवास के लिए तरसे रहे

राजीव उरांव। चंदवा, लातेहार



चंदवा प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को वह मान व सम्मान नहीं मिल पा रहा है, जिसके वे हकदार हैं. प्रखंड के डुमारो पंचायत के निंदरा गांव के ठिबरा टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं. उनका नाम चंदवा प्रखंड कार्यालय के स्मारक में अंकित है. उनकी प्रतिमा डुमारो पंचायत में लगी है. जिस ठिबरा टाना भगत ने अपनी जान की परवाह किये बिना स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गये, उस ठिबरा भगत ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनके वंशजों को एक आवास के लिए कार्यालयों का चक्कर लगाना होगा. अविभाजित बिहार में ठिबरा टाना भगत साल 1077 में गांव के सरपंच चुने गये थे और आजीवन सरपंच रहे. साल 1991 में उनका निधन हुआ.

#### खास बातें

- निंदरा गांव के ठिबरा टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी थे
- अविभाजित बिहार में ठिबरा टाना भगत आजीवन सरपंच रहे

#### वंशजों का आरोप- अबुआ आवास चयन में की गयी गड़बड़ी

स्वतंत्रता सेनानी के वंशज नीलम देवी, एतवरिया देवी और राजकुमारी देवी अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाया है. उन्होंने सोमवार को अन्य ग्रामीणों के साथ चंदवा प्रखंड कार्यालय पहुंचे और उपायुक्त को संबाधित एक ज्ञापन सौंपा. ग्राम प्रधान नन्द किशोर मुंडा के भी हस्ताक्षर हैं. ग्रामीणों ने आवास सत्यापन पदाधिकारी अजित रंजन (जनसेवक) तथा उनके सहयोगी स्वयंसेवक अशोक कुमार गोप पर योग्य लाभुकों का चयन नहीं कर अपने ही परिवार के लोगों का नाम प्राथमिकता सूची में डालने का आरोप लगाया. ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा से पारित प्राथमिकता सूची को दरकिनार कर वैसे लोगों का जियो टैग किया जाने लगा है, जिनको पहले से ही इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि मिल चुका है. इस बाबत जब अजीत रंजन से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बंद पाया गया.

### विवेकानंद पार्क की 17 लाख में हुई बंदोबस्ती

**लातेहार।** अगले तीन सालों के लिए शहर के चंदनडीह मुहल्ले मे स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क की बंदोबस्ती बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में हुई. शहर के सुधांशु दुबे, पिता- राकेश कुमार दुबे ने 17 लाख 21 हजार रुपये की सर्वोच्च बोली लगा कर पार्क की बंदोबस्ती अपने नाम की. बता दें कि पिछले बार मात्र तीन लाख 31 हजार 330 रुपये में तीन साल के लिए पार्क की नीलामी की गयी थी. पार्क की बंदोबस्ती के लिए न्यूनतम डाक 3,81,030 रुपये निर्धारित की गयी थी. स्वामी विवेकानंद पार्क की नीलामी में कुल नौ लोगों ने भाग लिया. इनमें सुधांशु दुबे के अलावा अमरजीत सिंह, रविकांत पासवान, अमन राज, संतोष पांडेय, प्रदीप मांझी, जयराम कपूर, आलोक सिंह व उमेश टोप्पो शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### गीता कोड़ा व मधु कोड़ा पहुंचे जगह-जगह हुआ स्वागत

**चक्रधरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के बाद सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा चक्रधरपुर पहुंचे.इसे लेकर पूर्व से की तैयारी के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांसद गीता कोड़ा व पूर्व मुख्यमंत्री का जगह-जगह स्वागत किया. इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांसद गीता कोड़ा व पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को फूलों का माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर भाजपा में शामिल होने की बधाई दी.वहीं चक्रधरपुर पहुंचने पर सांसद गीता कोड़ा व पूर्व मुख्यमंत्री ने सबसे पहले चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया.

### कांग्रेस के जिला प्रवक्ता जितेंद्र ओझा ने भी दिया त्यागपत्र

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस जिला प्रवक्ता जितेंद्र नाथ ओझा ने बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में त्यागपत्र लिखकर अपने पद एवं कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. श्री ओझा ने कहा कि विगत 5 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में जुड़कर सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ. इस दौरान पूरी उमंग और निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए काम किया. जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया तो पार्टी में बने रहने का मेरा कोई औचित्य नहीं रहा.

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक मार्च को मनाया जाएगा

**चांडिल ।** चांडिल डैम रोड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एक मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. शाम पांच बजे से होने वाले कार्यक्रम में इस वर्ष का विषय महिला सशक्तिकरण के लिए परमात्मा शिव द्वारा सकारात्मक परिवर्तन है. इसकी जानकारी देते हुए बीके शिवकन्या ने बताया कि वर्तमान विज्ञान एवं तकनीकी के दौर में महिलाओं ने लगभग हर क्षेत्र में प्रगति की हैं, अपनी योग्यता साबित की है, लेकिन फिर भी समाज में महिलाओं के प्रति मानसिकता में पूर्णरूपेण परिवर्तन नहीं आ पाया है.

### भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू किया

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड में भाजपा बहरागोड़ा मंडल ने लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू किया.बहरागोड़ा प्रखंड की ओर से 177, 178 एवं 147 बूथों पर महिला नेत्री सह बहरागोड़ा मंडल लाभार्थी के द्वारा संपर्क अभियान चलाया गया. जिसमें संयोजक काजल महाकुड़ के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं में लाभाविंत लाभुकों के घर घर जा कर जारी पत्रक का वितरण किया गया. घरों के दीवार में स्टिकर लगाया एवं मोदी का प्रणाम किये साथ में सेल्फी लिया. भाजपा नेत्री सोमा दत्त गोप,ममता नायक, समीर सेनापती,पार्थोसारथी बेरा, हेमकांत भुइयां आदि शामिल थे.

### बाइक चोरी के आरोपियों को जल्द करें गिरफ्तार : झामुमो

**डुमरिया।** झामुमो के डुमरिया प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन और सोशल मीडिया प्रभारी भगत हांसदा ने बुधवार को मुसाबनी के डीएसपी संदीप भगत से शिष्टाचार मुलाकात की. उन्होंने डीएसपी से कहा कि डुमरिया क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी पर अंकुश लगाया जाए और बाइक चोरी में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए. विगत दिनों चार से अधिक बाइक साप्ताहिक हाट और मेला के दौरान चोरी हुई है. डीएसपी ने झामुमो नेताओं को आश्वस्त किया कि इन घटनाओं में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा.

---

#### रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वुमेन सेल व एबीजीपी महिला आयाम ने संयुक्त रूप से किया विचार गोष्ठी का आयोजन

# बालिकाओं को फैशन की अंधी दौड़ में शामिल न होने का दिया संदेश

**संवाददाता। आदित्यपुर**



रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वुमेन सेल और एबीजीपी महिला आयाम ने संयुक्त रूप से विचार गोष्ठी का आयोजन किया. विषय था बाजारवाद के इस दौर में बहुत जरूरी है आत्म नियंत्रण. इस विषय पर आज रंभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में संस्था एबीजीपी के महिला आयाम के द्वारा वुमेन सेल की छात्राओं के बीच एक विचार गोष्ठी रखी गई थी. इसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और शुभम करोति कल्याणम के मंत्रोच्चारण के साथ किया गया. इसके विचार विमर्श के तहत बालिकाओं को फैशन के इस अंधी दौड़ में शामिल न होने का संदेश दिया गया और उन्हें बताया गया कि खरीदारी हमेशा आवश्यकताओं पर आधारित होनी चाहिए. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ अनीता शर्मा ने कहा कि किसी प्रतियोगिता या दिखावेपन के लिए या सजने संवरने की होड़ में खरीदारी करने से बजट तो असंतुलित होता ही है, पारिवारिक वातावरण भी कलुषित होता है. इसलिए हमें अतिरिक्त खरीदारी से बचना चाहिए. इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही थी स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन समिति की सहसचिव डॉ अनीता शर्मा. अपने संबोधन में महिला आयाम की प्रमुख रूबी लाल और पूर्वी सिंहभूम की महिला आयाम प्रमुख सरिता सिंह ने भी सभी को बाजारवाद के चंगुल से बचने की सलाह दी. और विचारों को सुंदर बनाने की प्रेरणा दी. अतिथि के तौर पर पूनम शर्मा जी भी उपस्थित थी. डी एल एड इंचार्ज व्याख्याता जयश्री पंडा ने कहा कि हम पाश्चात्य संस्कृति को त्याग कर भारतीय जीवन शैली को अपनायें. व्याख्याता अमृता सुरेन ने कहा कि मन , मनी, महिला और मार्केटिंग की बीच एक संबंध है, और इसका संतुलन और नियंत्रण जरूरी है.नर्सिंग ट्यूटर बसंती तियू ने भी उपरोक्त विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखें और आवश्यकता के आधार पर खरीदारी करें. विद्यार्थियों में श्रेया रॉय चौधरी, अनुष्का विश्वास, गोपाल दास ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गंगा भोला ने और धन्यवाद ज्ञापन मंजू गगराई ने किया.

**खास बातें**

- सभी को बाजारवाद के चंगुल से बचने की सलाह दी गयी
- मन, मनी,महिला व मार्केटिंग की बीच गहरा संबंध है

---

#### पांच वर्षों से अधूरी है सड़क, विभाग नींद से जागा

# कोवाली-डुमरिया सड़क मार्च तक ठेकेदार को पूरा करने की चेतावनी

**संवाददाता। डुमरिया**





पोटका और डुमरिया की जीवन रेखा मानी जाने वाली कोवाली से हरिणा, भागाबांधी होते हुए डुमरिया तक 50 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़क का निर्माण कार्य पिछले पांच वर्षों से अधुरा है. कुमड़ाशोल तक डब्ल्यूएमएम का कार्य हुआ है, परंतु डुमरिया तक करीब साढ़े तीन किमी सड़क जस का तस है. सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. बारिश के दिनों सड़क तालाब मे तब्दील हो जाती थी. बदहाल सड़क में दुर्घटना का आशंका जताते हुए स्कूल बस डुमरिया से आगे जाने से मना कर दिया है. कुमड़ाशोल, भागाबांधी, हातिबारी, भालुकपतड़ा, कासमार आदि गांवों के लगभग 40 बच्चे बस से मुसाबनी के शिशु विद्या मंदिर मे पढ़ने जातें हैं. पिछले बारिश से विद्यालय प्रबंधन ने अपनी बस सड़क बनने तक डुमरिया से आगे कुमड़ाशोल तक नहीं ले जाने का निर्णय लिया है. निर्माण कार्य विलंब होने से क्षेत्र के लोग काफी नाराज हैं. बोल्डर फीलिंग किए जाने के बाद दो वर्षों से ग्रामीण उड़ती धूल से भी परेशान हैं. कार्यकारी एजेंसी किरण कंस्ट्रक्शन ने निर्माण कार्य विलंब होने का ठिकरा भूअर्जन विभाग के माथे फोड़ रहा है. दलीलें यह है कि मुआवजा भुगतान मे देरी होने के कारण के प्रगति मे रुकावट पैदा हुई. पथ निर्माण विभाग से बन रही इस सड़क की लंबाई 32.8 किमी है. विभाग के सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक ने सरकार से एक माह का समय मांगा है. कहे अनुसार निर्माण कार्य पुरा नहीं किया तो कंपनी ब्लेक लिस्टेड हो सकती है. दुबलाबेड़ा से पीचींग का कार्य प्रारंभ हो गया है. कुमड़ाशोल तक बोल्डर फीलिंग और डब्ल्यूएमएम का कार्य हो गया है. मार्च तक सड़क का निर्माण कार्य डुमरिया तक पुरा करने का निर्देश पथ निर्माण विभाग द्वारा संवेदक को दिया गया है. इस सड़क की बदहाली पर विगत वर्ष विधायक संजीव सरदार ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को कीचड़ और गड्ढों से भरे सड़क में पैदल चलाकर ग्रामीणों की तकलीफ को एहसास कराया था. साथ ही सड़क निर्माण कार्य को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया था. विधायक ने इस सड़क को जल्द पूरा कराने के लिए पथ निर्माण विभाग के सचिव को अवगत कराया है.

**खास बातें**

- निर्माण कार्य विलंब होने से क्षेत्र के लोग काफी नाराज हैं
- कंपनी के संवेदक ने सरकार से एक माह का समय मांगा है

### बॉडी लैंग्वेज इंसान के बारे में बहुत कुछ बताता है : डॉ मित्रा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग के साइकोलॉजी क्लब की ओर से आयोजित पर्सनालिटी डिवेलपमेंट व्याख्यामाला की चौथी व अंतिम कड़ी मंगलवार को संपन्न हुई. इसका विषय 'बॉडी लैंग्वेज एंड बिहेवियर' था. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने की. प्राचार्य डॉ झा एवं मनोविज्ञान विभाग व कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रशान्त व प्रो प्रमीला किस्कू ने मुख्य वक्ता डॉ डीके मित्रा को अंगवस्त्र, तुलसी पौधा और सर्टिफिकेट भेंट कर सम्मानित किया. प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बॉडी लैंग्वेज एंड बिहेवियर हमारे व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने का एक अशाब्दिक माध्यम है.

### ओड़िया ब्रदर्स कल्चरल एसोसिएशन की हुई बैठक

**नोआमुंडी।** बुधवार को ओड़िया ब्रदर्स कल्चरल एसोसिएशन गुवा की बैठक गुवा रामनगर में की गई. ओड़िया ब्रदर्स कल्चरल एसोसिएशन गुवा के अध्यक्ष तारा पदो सत्पति की अध्यक्षता में बैठक की गई. बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. जिसमें एसोसिएशन के माध्यम से ओड़िया भाषा एवं संस्कृति के ऊपर विचार विमर्श किया गया. उड़िया भाषा के माध्यम से माध्यमिक कक्षा तक झारखंड पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तक उपलब्ध कराने तथा साक्षरता विभाग झारखंड सरकार को अवगत करने पर विचार रखा गया. इस मौके पर एसोसिएशन के सदस्यों में दुचा टोप्पो, सुखदेव प्रधान, राजेश कुमार गोप, अतुल जायसवाल, हरिश्चंद्र बोसा, ज्योति गिरि, हरिश्चंद्र सिंह, दिनेश साव एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष तारा पदों सत्यपति मौजूद थे.

---

# कौन है अभिलेष, जिसकी पहुंच विभाग के मंत्री कोषांग तक है!

**संवाददाता। किरीबुरु**

कौन है अभिलेष कुमार, जिसकी पहुंच विभाग के मंत्री कोषांग तक है ! जगन्नाथपुर विधानसभा के पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा और झारखंड भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने ग्रामीण कार्य विभाग के चाईबासा कार्य प्रमंडल में पीएमजीएसवाई की योजना में अनियमितता बरतने और फर्जी विपत्र बना कर भुगतान की शिकायत केन्द्र सरकार और राज्यपाल से किए जाने के बाद अभियंता वर्ग अभिलेष कुमार को बचाने में लग गया है. इस बचाव कार्य में विभाग में कई वर्षो से जमे पदाधिकारी बिपिन कुमार का नाम सामने आने से विभाग में भी हड़कंप मच गया है. सूत्रों की माने तो अभिलेष कुमार चाईबासा डिवीजन में बने रहने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग में और मंत्री कोषांग में सम्पर्क बनाए हैं. अभिलेष कुमार की नियुक्ति पर भी सवाल खड़ा हो गया है. नियुक्ति प्रक्रिया में दस्तावेज की फिर से जांच की मांग की जा रही है. वही



संवेदक से कमिशन के बदले स्कॉर्पियो गाड़ी लिए जाने का मामला भी उजागर हो चुका है. विदित हो कि इस तरह की चर्चा जेल में बंद मुख्य अभियंता बिरेंद्र राम की भी थी जो ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं. अभिलेष कुमार भी बिरेंद्र राम के रास्ते पर चल रहे हैं. टेंडर मैनेज और माननीयों के क्षेत्र में अतिक्रमण कर अपने चहेते ठीकेदारों को काम दिलाने का काम करने से वह चर्चा में आये हैं. पांच साल में जमा किए गए खनन चालान की पुनः सत्यापन किए जाने की मांग हो रही है. सूत्रों अनुसार नक्सल प्रभावित टोंटो प्रखण्ड में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़क कार्य में फर्जी विपत्र पर करोड़ों का भुगतान किए जाने की शिकायत के बाद डिवीजन में एमबी और अभिलेख को ठिक ठाक करने में जुटे हैं अभियंता.

---

#### झामुमो घाटशिला प्रखंड कमेटी की ओर से निकली गई न्याय यात्रा

# जब जब मोदी डरता है, ईडी ईडी करता है...

**संवाददाता। घाटशिला**



झामुमो प्रखंड कमेटी की ओर से बुधवार को न्याय यात्रा पावड़ा स्थित माझी परगना महाल भवन से चार पंचायत के विभिन्न गांव के लिए रवाना हुआ. न्याय यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, जब-जब मोदी डरता है ईडी ईडी करता है आदि गगन भेदी नारे लग रहे थे. न्याय यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने बताया कि न्याय यात्रा पावड़ा, काशीदा, बराजुड़ी एवं कलचिती पंचायत के विभिन्न गांव के लोगों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि भाजपा सरकार द्वारा साजिश के तहत झारखंड राज्य में विकास की नई रेखा खींचने वाले लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है. उन्होंने कहा कि लगातार झारखंड तथा झारखंड के आदिवासी तथा मूलवासी के लिए कितनी लोक कल्याणकारी योजनाएं चल रही है. चाहे वह झारखंड की अस्मिता की सम्मान हो, सामाजिक सुरक्षा रोटी, कपड़ा और मकान. दीदी बहनों और बेटियों का सशक्तिकरण. खुशहाल खेत खलिहान सबल किसान. ग्रामीण अर्थव्यवस्था हो रही है सुदृढ. नौकरी रोजगार और स्वरोजगार बढ रहा है झारखंड बढ़ रहा है झारखंड. आदि योजनाएं चलाई जा रही है. जिससे घबराकर भाजपा सरकार ने ईडी को खड़ा कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया. इसका पुरजोर विरोध किया जाता है. मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, जिला उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी, काजल डान, रामदास हांसदा, विकास मजूमदार, नीलकमल महतो, अंपा हेंब्रम, शाहिद काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल थे.

**खास बातें**

- न्याय यात्रा कई पंचायतों के गांवों में लोगों को जानकारी दी
- भाजपा ने ईडी को खड़ा कर हेमंत सोरेन को जेल भेजा

---

**तैयारी**

#### केवी मेघाहातुबुरु में नये शिक्षक-शिक्षिकाओं का इंटरव्यू शुरू

# विद्यालय को नयी ऊंचाई पर पहुंचाना लक्ष्य : डॉ. आशीष

**संवाददाता । किरीबुरु**



केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डॉ आशीष कुमार के नेतृत्व में यह विद्यालय निरंतर शिक्षा व अन्य शैक्षणिक, खेल गतिविधियों की तरफ अग्रसर है. विद्यालय की स्थिति व शिक्षा स्तर में व्यापक सुधार हेतु बीते दिनों प्राचार्य डॉ आशीष कुमार ने तमाम वर्गों के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ बैठक की थी. बैठक में अभिभावकों ने प्राचार्य को कुछ विषयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की कमी को दूर करने समेत अन्य सुझाव दिये थे. अभिभावकों से मिले सुझाव पर त्वरित कदम उठाते हुये प्राचार्य से 28 फरवरी को प्राईवेट शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की. बुधवार को पीजीटी, टीजीटी, पीआरटी, स्पेशल एजुकेटर, बाल बाटिका, डांस, खेल आदि के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावे नर्स की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ है. इस नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने के लिये विभिन्न शहरों से लगभग 70 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकायें आये हुये हैं. सभी का पहले रजिस्ट्रेशन एवं वेरिफिकेशन प्रक्रिया जारी है. तत्पश्चात इंटरव्यू होना है. इस नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी व कदाचार मुक्त बनाने हेतु सेल मेघाहातुबुरु के महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह एवं महाप्रबंधक ए के पटनायक को विशेष अधिकारी के रुप में नियुक्त किया गया है.

**खास बातें**

- 70 से अधिक शिक्षक अभ्यर्थी इंटरव्यू देने आये हुए हैं
- सभी का पहले रजिस्ट्रेशन व वेरिफिकेशन प्रक्रिया जारी

**केवी मेघाहातुबुरु को देश का बेहतर स्कूल बनाना लक्ष्य**

प्राचार्य डॉ आशीष कुमार ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु को देश का बेहतर स्कूल बनाना हमारा लक्ष्य है. इस विद्यालय के छात्र-छात्रायें हर बार शत फीसदी रिजल्ट बेहतर अंकों के साथ लाये. विद्यालय के छात्र-छात्रायें एवं उनके अभिभावक जब तक शिक्षा से संतुष्ट नहीं होंगे तब तक हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा. पहले से शिक्षा स्तर में ऐतिहासिक सुधार आया है, और सुधार प्रयास जारी है. विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं की कमी को दूर करने हेतु आज शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ है. इन शिक्षक-शिक्षिकाओं का वेतन विद्यालय विकास निधि से दिया जायेगा. हमें उम्मीद है कि हम सेल प्रबंधन व अभिभावकों के सहयोग तथा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के कडे.परिश्रम से विद्यालय को नयीं ऊंचाई पर ले जाने में सफल रहेंगे.

### डीएवी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन हुआ

**चाईबासा।** स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में भारत रत्न सीवी रमन की जयंती राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के साथ महान वैज्ञानिक सीवी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुई. इस अवसर पर प्राचार्या रेखा कुमारी ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षा के बिना विज्ञान निरर्थक है. दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक चंद्रशेखर ने रमन प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला. संगीत शिक्षक ओ सी दास ने विज्ञान गीत प्रस्तुत किया. विज्ञान शिक्षक राजकुमार वर्धन ने कहा कि आज बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता है. जिससे उनकी सोच तार्किक एवं तर्कसंगत होगी.

---


## न्यूज अपडेट

### गीता व मधु के आने से कोल्हान भाजपा मजबूत हुई : सुनीता



**किरीबुरु।** सांसद गीता कोड़ा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के अपने पुराने घर भाजपा में वापसी पर भाजपा युवा मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह ने बधाई दी है. सुनीता सिंह ने कहा कि कोड़ा दम्पत्ति के आने से हम पश्चिम सिंहभूम समेत कोल्हान प्रमंडल की तमाम लोक सभा और विधान सभा सीटों को जितने में सफल रहेंगे. इसके अलावे पार्टी संगठन को भी नयी और ऐतिहासिक मजबूती मिलेगी. उन्होंने कहा कि मधु कोड़ा की राजनीति की शुरुआत मजदूर व जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर भाजपा से हुई थी. वह कुछ वजहों से भाजपा से दूर रहे लेकिन अब पुनः उनकी वापसी से भाजपा काफी मजबूत हुई है. कोड़ा दम्पत्ति के भाजपा में आने से जनता की समस्याओं का अप्रत्याशित समाधान और क्षेत्र का विकास होगा.

### टाटा कॉलेज के 37 विद्यार्थी शोध के लिए पहुंचे टाटीबा



**किरीबुरु।** मानव विज्ञान विभाग, टाटा कौलेज, चाईबासा के स्नातक एक एवं छः सेमेस्टर के 37 सदस्यीय छात्र-छात्राओं का दल विभागाध्यक्ष डॉ नीलम नाग के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण व शोध हेतु सारंडा जंगल स्थित बिरहोरों की बस्ती टाटीबा एवं बराईबुरु गांव में पिछले 10 दिनों से डेरा डाले हुये है. विभागाध्यक्ष डॉ नीलम नाग ने बताया कि यह शैक्षणिक दौरा 15 दिनों का है. इसमें 37 सदस्यीय टीम है, जिसमें स्वंय मैं तथा कुछ पीजी के छात्र-छात्रायें भी है. इस दौरे के क्रम में तमाम छात्र-छात्रायें जनजातीय समुदाय के लोगों का रहन-सहन, संस्कृति, वेष-भूषा, खान-पान, जीवन शैली समेत तमाम विशेषताओं और उनके संघर्षमय जीवन को देखने, डाटा कलेक्शन आदि उनके बीच रहकर अध्ययन कर सीखें.

### आंधी, वर्षा व हाथियों से परेशान रहे किरीबुरु के लोग




**किरीबुरु।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु एवं सारंडा के विभिन्न क्षेत्रों में 27-28 फरवरी की रात तेज आंधी व वर्षा के बीच हाथियों का किरीबुरु में प्रवेश की वजह से लोग परेशान रहे. वर्षा की वजह से तामपान में भी भारी गिरावट देखी गई. किरीबुरु का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री एवं अधिकतम 26 डिग्री के आसपास पहुंच गया है. उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी की रात लगभग 8-9 बजे सारंडा जंगल से तीन हाथियों का समूह किरीबुरु शहर के मुर्गापाडा.व आर सी सिंह हाटिंग के बिल्कुल करीब पहुंच गया था. बस्ती के लोग अपने हाथों में मशाल व टार्च लिये एवं पटाखे फोड़ते उक्त हाथी को भगाने के कार्य में लगे थे. तभी तेज आंधी के साथ वर्षा प्रारम्भ हो गई. इसके बाद सभी जनता अपने-अपने घरों की तरफ भागे. लोगों में भय था कि अगर वर्षा के दौरान हाथी उनकी बस्तियों में घुस आयेगा तो भारी नुकसान पहुंचा देगा.

### उर्दू स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**मझगांव।** बीएमसी उर्दू स्कूल मझगांव मे बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एस्पायर के सहयोग से स्कूली बच्चों द्वारा मनाया गया. शिक्षिका मुसर्रत जहां ने कहा की आज ही के दिन भारत के महान वैज्ञानिक वीपी रमन ने रमन इफेक्ट की खोज की थी उसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. अगर विज्ञान नहीं होता तो मनुष्य जाति के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती थी. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर स्कूली बच्चों द्वारा विज्ञान से संबंधित वायुदाब, पेपर कप टेलीफोन, मनचाही बरसात, पेंसिल का संतुलन, बोतल में गुब्बारा, फुला हुआ गुब्बारा द्वारा खाली गिलास उठाना, हथेली में छेद आदि अनेक प्रकार की विज्ञान से संबंधित प्रयोग बच्चों द्वारा किया गया.

### एसकेजी कोलोनी में चोरों ने तीन घरों में चोरी की



**आदित्यपुर।** कांड्रा थाना क्षेत्र के एसकेजी कॉलोनी में बीती रात चोरों ने तीन बंद घरों को निशाना बनाया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार एचटीवीएम स्कूल के प्रिंसिपल स्वर्गीय फतेह नारायण सक्सेना के घरों को चोरों ने सर्वप्रथम निशाना बनाया. जहां चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे अलमारी का ताला तोड़ा. जहां चोर को कीमती सामान और पैसा नहीं मिला तो बगल के संजय वार्ष्णेय के घर का ताला तोड़ वहां अटैची और अलमारी का ताला तोड़ अलमारी में रखे लगभग 25 हजार रुपए चुरा लिए. जिसके बाद चोरों ने एसकेजी कॉलोनी के क्वार्टर नंबर सी 5 का ताला तोड़कर मकान में रखे कंपनी मटेरियल सप्लाई का का सामान चुराया है. कॉलोनी वासियों ने बताया कि एसकेजी कॉलोनी में चोर बंद घरों को लगातार निशाना बना रहे हैं.

### प्लांट-मैकेनिकल ने माइनिंग को पराजित किया




**किरीबुरु।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के तत्वावधान में आज आयोजित अंतर विभागीय लीग ड्यूज क्रिकेट प्रतियोगिता में प्लांट-मेकेनिकल ने माइनिंग को 44 रनों से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया. पहले बल्लेबाजी करते हुये प्लांट-मेकेनिकल ने 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 100 रन बनाये. इसमें कुलदीप सिंह ने 4 छक्का और 3 चौका की मदद से 29 गेंद में 53 रन, कप्तान अरविंद बिन्हा ने एक छक्का दो चौका की मदद से 5 गेंद में नाबाद 16 रन का योगदान दिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी माइनिंग की टीम ने 10 ओवर में 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 56 रन हीं बना सकी. इसमें डी सी परीडा ने दो चौका की मदद से 18 गेंद में सर्वाधिक 18 रन का योगदान दिया.

### एआईडीएसओ ने मनाया चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस



**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) की जमशेदपुर नगर कमेटी और किशोर संगठन कोमसोमोल के संयुक्त तत्ववधान में स्वतंत्रता आंदोलन के गैर समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मनाया गया. इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम मुख्य अतिथि शिक्षक अजय मेहताब ने चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण पर कार्यक्रम की शुरुआत की. मुख्य वक्ता विजय कुमार ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर बारीकी से अपनी बातों को रखा. गीत मंडली ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किये. कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष शुभम कुमार झा ने किया.

### डीसी के नेतृत्व में जिला में सिग्नेचर कैंपेन की शुरुआत



**चाईबासा।** ज़िला समाहरणालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में सिग्नेचर कैंपेन की शुरुआत की गई. मौक़े पर पुलिस अधीक्षक पश्चिम सिंहभूम आशुतोष शेखर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंन्धन लॉंग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित ज़िला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सिग्नेचर करते हुए मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया गया .

### विज्ञान की उपलब्धियों में सकारात्मक बढ़ोतरी करें : डॉ रेयाज



**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज के विज्ञान संकाय की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर कॉलेज ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाप्रतियोगिता को अंग्रेजी तथा हिंदी दो श्रेणियों में विभक्त किया गया था. अंग्रेजी में 16 छात्र-छात्राओं तथा हिंदी में पांच छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई. प्रत्येक प्रतिभागी ने अपने पसंदीदा वैज्ञानिकों जैसे सर सीवी रमन, मेरी क्यूरी, सुब्रमण्यम भूपति, एपीजे अब्दुल कलाम, जगदीश चंद्र बोस, डॉ हरगोविंद खुराना थॉमस एडिसन, एस स्वामी नाथन व अन्य की जीवानी तथा उपलब्धियों से सभा को अवगत कराया.

